छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 12 मार्च, 2010 (फाल्गुन-21, 1931)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री चन्द्रशेखर साहू, कृषि मंत्री, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग अधिनियम, 2004 (क्रमांक 23 सन् 2004) की धारा 18 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य गौ-सेवा आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2008-2009 एवं उस पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, रायगढ़ स्थित जिन्दल स्टील एवं पावर प्लांट में एक श्रमिक की मौत होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, राजधानी रायपुर में अवैध रूप से काम्पलेक्स का निर्माण किये जाने की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री नंद कुमार पटेल, डॉ. शक्राजीत नायक, श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम मुक्ताराजा में जहरीली शराब के सेवन से मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री संतोष बाफना, सदस्य, बस्तर संभाग मुख्यालय स्थित ट्रांसपोर्ट नगर, सेमरा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) सर्वश्री मोहम्मद अकबर, धर्मजीत सिंह, सदस्य, मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिलासपुर द्वारा कोयला बेचे जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, राजधानी रायपुर से नाबालिग लड़कियों के लापता होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) श्री देवजी पटेल, सदस्य, राजधानी रायपुर की पेयजल योजना का कार्य पूर्ण किये जाने की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित पी.एम.टी. की तिथि परिवर्तित नहीं किये जाने की ओर तकनीकी शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) सर्वश्री रामदयाल उइके, रविन्द्र चौबे, सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, कोरबा द्वारा ग्राम गोढ़ी एवं पंडरीपानी में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा वितरण में भेदभाव किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला-सरगुजा के मैनपाट खनिज क्षेत्र में बाक्साइट उत्खनन के लिये डीपहोल ब्लास्टिंग किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 2010-2011 की अनुदान मांगों पर चर्चा

निर्धारित समय				
(शेष चर्चा)	(1)	मांग संख्या	39	खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	56	ग्रामोद्योग
		मांग संख्या	50	बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय
3 घंटे	(2)	मांग संख्या	13	कृषि
		मांग संख्या	14	पशुपालन विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	16	मछलीपालन
		मांग संख्या	54	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	18	श्रम

5. अशासकीय संकल्प

45 मिनट (1) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि ''छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर में ''इंडियन स्कूल ऑफ माईन्स'' की शाखा खोली जाय.''

1 घंटा15 मिनट (2) श्री महंत रामसुन्दर दास, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश के प्रत्येक गांव में गौचर भूमि का निर्धारण कर सुरक्षित रखी जाय."

30 मिनट (3) श्री भीमा मंडावी, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "दंतेवाड़ा नगर में खेल परिसर का निर्माण किया जाय."

रायपुर
दिनांक 11 मार्च, 2010

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.